हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

10 गुरु गोबिंद सिंह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : डॉ. विद्यार्थी



10 भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई



## खबर संक्षेप

### जींद: जिला परिवेदना समिति की बैठक कल

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 28 दिसंबर को दोपहर तीन बजे स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह करेंगे। बैठक से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचे।

### पुत्रवधु और पौती पर किया दरांत से हमला

**जींद।** गांव कालवन मे बेटे की लव मेरिज से खफा व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधु तथा मासूम पौती पर तेजधार हथियार से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया। गढी थाना पुलिस ने बेटे की शिकायत पर उसके पिता के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव कालवन निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 28 दिसंबर को बहादुरगढ़ निवासी रूचिका से लव मैरिज की थी।

### एक किलो 150 ग्राम चूरा पोस्त सहित आरोपी काबू

**कैथल।** चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को 1 किलो 150 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमुदपुर पुलिस के एएसआई राजेंद्र सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव अजीमगढ़ क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि चीका निवासी बलराज सिंह नशीला पदार्थ चुरा पोस्त बेचने का धंधा करता है।

### दिल्ली-बठिंडा से गुजरने वाली 12 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित

# धुंध व कोहरे से जनजीवन प्रभावित, रेंगकर चले वाहन

## फसलों के लिए फायदेमंद, अच्छी मिलेगी ग्रोथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धुंध और कोहरे ने अब लोगों को ठंड का अहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। धुंध तथा कोहरे का जनजीवन पर साफ असर देखने को मिला वाहन एक दूसरे के पीछे लाइट जलाकर चलते दिखाई दिए। हालांकि दिन चढ़ने के साथ धुंध तथा कोहरा छंट गया और धूप भी निकली, वहीं ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। धुंध तथा कोहरे को फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। मंगलवार अधिकतम तापमान 22 तथा न्यूनतम तापमान सात डिग्री दर्ज किया। हवा की गति तीन किलोमीटर प्रति घंटा तथा मौसम आद्रता 62% दर्ज की। वहीं आरटीए कार्यालय ने धुध तथा कोहरे को देखते दिशा निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ है। सुबह को धुंध इतनी ज्यादा थी कि वाहन एक दूसरे के पीछे लाइट जला कर चलते नजर आए। जिसका असर जनजीवन तथा यातायात के साधनों पर साफ देखने को मिला। जो धुंध तथा कोहरे के कारण देरे से रवाना हुए ओर गंतव्य पर भी देरी से पहुंचे। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल छोटे बच्चों तथा डयूटी पर जाने वाले लोगों को हुई। हालांकि दिन चढ़ने के साथ धुंध हलकी होती चली गई और दोपहर तक मौसम साफ हो गया। खिली धूप ने लोगों को ठंड से कुछ राहत दी। धुंध व कोहरे के चलते मंगलवार को दिल्ली-बठिंडा से गुजरने वाली 12 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित हुई। इन ट्रेनों में कई ट्रेनें घंटों लेट रही जिससे यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी और ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। 14624 ट्रेन नंबर पतालकोट एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे की देरी से जींद पहुंची। ट्रेन का जींद जंक्शन पर पहुंचने का समय 5. 59 था लेकिन ट्रेन 12.38 पर पहुंची। वहीं 11449 श्रीमाता वैष्णो देवी एक्सप्रेस भी पांच घंटे की देरी से जींद पहुंची। ट्रेन का जींद पहुंचने का समय 11.15 था जबकि यह ट्रेन सुबह 5.39 पहुंची। ट्रेनों के लेट होने से नरवाना और जींद जंक्शन पर काफी संख्या में यात्री इंतजार करते रहे। 04432 दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल 33 मिनट, 14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली डीएमयू 36 मिनट, 14624 पतालकोट एक्सप्रेस 40 मिनट, 16318 हमसागर एक्सप्रेस 36 मिनट, 12482 दिल्ली-इंटरसिटी एक्सप्रेस 1:15 मिनट, 04084 जींद एक्सप्रेस स्पेशल 1:05 मिनट, 14623 पतालकोट एक्सप्रेस 6:30 मिनट, 22479 सरबत दा भला एक्सप्रेस 40 मिनट, 20409 बठिंडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 50 मिनट, 12481 श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस 02 घंटे, 11449 श्रीमाता वैष्णो देवी एक्सप्रेस 5 घंटे लेट रही। वहीं सुबह दस बजकर 42 मिनट पर जींद पहुंची वाली 16318 हिमसागर एक्सप्रेस मंगलवार को 11 बजकर 20 मिनट पर पहुंची। इसके बाद दिल्ली की तरफ जाने वाली 12482 इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का जींद पहुंचने का समय 11 बजे था लेकिन धुंध के चलते 12 .9 पर जींद पहुंची। जींद रेलवे जंक्शन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि घनी धुंध के चलते मंगलवार को सुपरफास्ट और पैसेंजर 11 ट्रेनें अपने निर्धारित समय की बजाय देरी से पहुंची। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को परेशान अवश्य होती है।



**जींद।** धुंध के बीच से गुजरते वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

### धुंध को लेकर दिशा निर्देश जारी

धुंध को देखते आरटीए कार्यालय ने भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें सभी वाहनों के पीछे रिफलेक्टर टेप लगवाने, फॉग लाइट दुरूस्त रखने, तेज गति में म्यूजिक न बजाने, सडकों पर सफेद पट्टी लगावाने हजार्ड मेकर लगवाने, रेबल व कैट स्ट्रीप व लगवाने, सभी पुलियों पर पेंट करवाने, सभी स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करने, सड़क निर्माण स्थलों पर सांकेतिक बोर्ड लगवाने के बारे मे कहा गया है। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि धुंध तथा कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद है। धुंध तथा कोहरे और पड़ेगा जिसके साथ ठंड भी और बढ़ेगी। किसान ठंड को देखते हुए शाम को फसलों में हलकी सिंचाई करें।

**ठंड तथा धुंध फसलों के लिए फायदेमंद:** कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ठंड तथा धुंध फसलों के लिए फायदेमद हैं। धुंध तथा ठंड से फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा ओर ग्रोथ भी अच्छी मिलेगी। किसान शाम को फसलों की हलकी सिंचाई करें।

# कांग्रेस अपने कुशासन को भूली लेकिन जनता नहीं : नायब सैनी

## पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक भाजपा में लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के भय और भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए ही जनता ने भाजपा को सत्ता सौंपी थी। इससे मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूरी पारदर्शिता से चला रहे है। प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी देर पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक द्वारा बीपीआर स्कूल में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के बाद पत्रकार वार्ता में बात कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक ने विधिवत रूप से भाजपा में दोबारा फिर सदस्यता ग्रहण की। सैनी ने कहा कि कांग्रेस का जो चरित्र रहा है कि जनता से वोट लेकर बाद में उनके हाल पर छोड़ने देना। कांग्रेस अपने कुशासन को शायद भूल चुकी हैं लेकिन जनता नहीं भूली है। आज सांसद दीपेंद्र हुड्डा हमारी सरकार पर उंगली उठाते है कि भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्हें वो समय याद नहीं है, क्या कांग्रेस की जब सरकार गई थी, वह भय और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गई थी। पत्रकारों के पूछने पर सैनी ने कहा कि लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव करवाने का फैसला केंद्र कमेटी है। कांग्रेस के घमडिया गठबंधन के दिमाग में आज भी है कि वे संविधान से ऊपर है, संसदीय कार्यप्रणाली से ऊपर है। जनता ने इनको नकार दिया है। उपराष्ट्रपति व्यक्ति नहीं एक संस्था है। तभी राहुल की मौजूदगी उप-राष्ट्रपति के खिलाफ मिमिक्री की जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती को भाजपा सुशासन के रूप में पूरे देश में मना रही है।



**पूंडरी।** पूर्व विधायक प्रो. कौशिक के निवास पर पत्रकार वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी।

### पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी

देश विकास में निरंतर अग्रणी है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक के जलपान के कार्यक्रम का जनसभा में बदल जाना उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है। पहले विधानसभा में कौशिक उनके सहयोगी रहे है। अब वे निश्चित तौर पर पूंडरी हलके में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। भाजपा की सरकार जो भी वादे करती है वे पूरे करने के साथ-साथ जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाती है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाणा, महिला जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी, राजेंद्र शर्मा सिरसल, जिला पार्षद मुनीश शर्मा, कृष्ण शर्मा सांच, कृष्ण पिलनी, संध्या कौशिक, वीएस चौधरी, सुषमा रानी आदि मौजूद थे।

# करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन से फौजी का बैग गायब, मुकदमा दर्ज

जींद। नरवाना रेलवे स्टेशन पर फौजी के बैग को लेकर कोई व्यक्ति फरार हो गया। बैग में सोना व चांदी के जेवरात, नगदी तथा कपडे.व अन्य सामान था। रेलवे पुलिस ने फौजी की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुंदरी कैथल निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आर्मी मे जैसलमेर में डयूटीरत है।

### कॉलेज में आई युवती संदिग्ध हालात में गायब

जींद। कालेज पढ़ने आई युवती के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कैथल रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी अपने भाई के साथ कालेज में पढ़ने के लिए आई थी। उसका भाई अपने काम पर चला गया। वापसी के दौरान जब उसका भाई उसे लेने पहुंचा तो वह गायब मिली। पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा।

### मधुमक्खी के 80 बॉक्स चोरी, शिकायत दर्ज

जींद। गांव बडौदा खेतों में रखे मधुमक्खी के 80 बॉक्स गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने मधुमक्खी पालक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव टयोठा हिसार निवासी साहब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव बडौदा खेतों में 80 डिब्बे मधुमक्खी के रखे हुए थे।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 7600 रुपये मिले

जींद। सीआईए स्टाफ ने कंडेला में सट्टा खाईवाल करते एक युवक को काबू कर कब्जे से 7600 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कंडेला निवासी संदीप गांव में सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदीप को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7600 रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया

सफीदों। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में वीर बाल दिवस मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूत, धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह जी को समर्पित वीर बाल दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही विद्यालय में शहीद उधम सिंह की जयंती भी मनाई गई।

### कार्यकर्ता दुष्यंत को जान से भी प्यारे : प्रो. जगदीश

उचाना। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को कार्यकर्ता जान से प्यारे है। हर कार्यकर्ता दुष्यंत के परिवार का सदस्य है। जितना मान-सम्मान दुष्यंत कार्यकर्ताओं को देते है ऐसा मान-सम्मान कोई नहीं देता है। कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से विस चुनाव से कुछ महीने पहले बनी जेजेपी पार्टी को 16 प्रतिशत वोट मिले। समस्याओं को सुनने के बाद डिप्टी सीएम के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि जो-जो वादे जजपा ने चुनाव में किए थे उनमें से काफी पूरा हो चुके है।

### तीसरी बार हलकाध्यक्ष बने राजेश खरकभूरा

उचाना। जजपा द्वारा जारी की गई खेल प्रकोष्ठ हलकाध्यक्षों की सूची में लगातार तीसरी बार राजेश खरकभूरा को उचाना हलकाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजेश खकभूरा द्वारा पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप मलिक, कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का आभार प्रकट किया।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर पांच नामजद

जींद। नगूरां में समाज की बैठक के दौरान कुछ लोगों द्वारा धक्कामुक्की धमकी देने पर अलेवा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नीरज ने शिकायत में बताया कि उसके पति राजबीर ने समाज कर संगठन मंत्री होने के नाते गांव नगूरां आवास पर कुछ पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी।

---

## वीर बाल दिवस पर शहीदों की शहादत को किया नमन

# गुरु गोबिंद सिंह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : डॉ. विद्यार्थी

### डीएवी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल शौर्य सम्मान समिति के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। यदि किसी ने देश और धर्म की सच्ची शिक्षा ग्रहण करनी है तो वह गुरू गोबिंद सिंह की जीवनी अवश्य पढ़े, यही विश्व में अकेला ऐसा परिवार है जिसने देश और धर्म के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। बाल शौर्य सम्मान समिति के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जींद की जनता के सहयोग से उन्होंने 350 वर्ष पुराना इतिहास जीवंत करने का प्रयास किया है और यह कार्य विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। सभी सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर बाल शहीदों की याद में 26 दिसंबर को बाल दिवस घोषित करने की मांग की थी। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार कर समस्त भारत में वीर बाल दिवस समारोह घोषित करने की घोषणा की और इसे हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भी 26 दिसंबर को सभी स्कूलों कॉलेजों में मनाए जाने की व्यवस्था की।



जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम के दौरान नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि



जींद। फिल्म देखते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


### बच्चों ने गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका



नरवाना। सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कस्बे की ढाणी में सिंह साहब गुरूद्वारा में जाकर वीर बाल दिवस मनाया। जहां स्कूल के बच्चों ने गुरू ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका। जिसके बाद गुरूद्वारा परिसर में बैठकर गुरवाणी सुनी और गुरू देशहित के लिए गुरू गोविंद सिंह के चारों शाहबजादों को याद किया। गुरूवाणी के माध्यम से साहस व वीरता की प्रेरणा भरी। जिसके बाद सभी बच्चों को गुरूद्वारे की तरफ से प्रसाद चखवाया गया। उसके बाद सिहं साहब गुरूद्वारा ढाणी के महासचिव गुरजीत सिहं छोटा ने बच्चों को शाहबजादों के बलिदान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुरू गोविंद ने अपना सारा परिवार देश व धर्म के लिए बलिदान कर दिया था। मात्र सात वर्ष की आयु में फतेह सिंह ने इस्लाम न स्वीकार कर धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान होना स्वीकार किया। इस प्रकार धर्म व देशहित के लिए गुरु गोविंद के चारों बच्चे फतेह सिंह, जुझार सिंह, अजीत सिंह और जोरावर सिंह के साथ-साथ सारा परिवार धर्म हेतु बलिदान हुआ। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को दीवार में चुनवा देने के आदेश जारी किए थे और 27 दिसंबर को दोनों साहबजादों बाबा फतेह सिहं व बाबा जोरावर सिहं को दीवार में चुनवा दिया था।

### देश में एकता-अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया

जींद। सुप्रीम स्कूल में गुरु गोविंद के छोटे साहिबजादों की शहादत में 26 दिसंबर मंगलवार को वीर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व के विषय में बताया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने बच्चों को देश और धर्म के महत्व से जागरूक किया और जोरावर और फतेह सिंह साहिबजादों के बलिदान की दास्तां से बच्चों को अवगत कराया। बच्चों को देश में एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया।



### उचाना में वीर बाल दिवस मनाया

उचाना। भाजपा द्वारा उचाना विधानसभा के तीनों मंडलों में वीर बाल दिवस मनाया गया। गुरू गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की शहादत के बारे में लोगों को बताया गया। जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक प्रेमलता के निर्देशानुसार दुड़ाना, खटकड़, खरकभूरा के गुरूद्वारों पहुंच कर वीर बाल दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को उनकी निडर भावना और अटूटू बलिदान के लिए याद किया जाता है। इस मौके पर राकेश मंडलध्यक्ष उचाना, षिराज मंडलध्यक्ष अलेवा, जयभगवान उचाना खुर्द, ईश्वर भौंगरा, रणबीर, बिजेंद्र डूमरखा कलां, प्रदीप झील, गुरनाम पालवां मौजूद रहे।

### शहीद उधम सिंह जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता

उचाना। शहीद उधम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में शिरड़ी साईं स्कूल डोहाना खेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्कूल संचालक मदन लाल जेई ने कहा कि देशभक्तों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। प्रिंसिपल सत्यवान शास्त्री ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना ब्लॉक के पूर्व प्रधान अनिल कुमार एवं स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

### बच्चों की वीरता से महर्षि स्कूल के बच्चे भावविभोर

जींद। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान दिल्ली पर आयोजित लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। जिसके तहत बच्चों ने गुरु गोबिंद सिंह के बच्चों की वीरता की कहानी को विभिन्न गतिविधियों के द्वारा देखा और समूह गीत, कविता, भाषण, मार्च पास्ट, शब्द आदि प्रस्तुतियों से परिचित हुए। उनके जीवन की महान कहानी तथा धर्म पर अडिग बने रहने व बलिदान की कहानी से भावविभोर हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों व युवा पीढ़ी को स्वस्थ रहने व कार्य के प्रति अग्रसर होने की प्रेरणा दी। क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य है। अध्यापिका ट्विंकल ने वीर बाल दिवस पर बच्चों को गुरु गोविन्द सिंह जी के शहीदी जीवन के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि उन्होंने धर्म, संस्कृति और देश की आन-बान और शान के लिए पूरा परिवार कुर्बान कर दिया। स्कूल प्राचार्या अनीता शर्मा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चार छोटे साहिबजादों अजीत सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह व जुझार सिंह के बलिदान की याद में मनाया जाता है। चारों साहिबजादों ने इस देश की खातिर, अपने धर्म की खातिर हंसते-हंसते अपना बलिदान कर दिया लेकिन उन्होंने अन्याय के आगे कभी भी झुकना स्वीकार नहीं किया। गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत को जितना भी नमन किया जाए, वह कम ही होगा। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



---

# विद्यार्थियों को ब्लेजर वितरित

■ किसान समिति के सहयोग से उचाना खुर्द में योग कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सर्वोदय वेलफेयर फैडरेशन उचाना ने शिव गौरक्षा शिक्षा एवं कल्याण समिति, शिव शक्ति किसान समिति के सहयोग से उचाना खुर्द में योग शिविर लगाया। ग्रामीणों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। समिति प्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के योग शिविरों में ग्रामीण बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। योग सभी बीमारियों की अचूक दवा है। मौके पर दिनेश कुमार, डॉ. सतपाल कौशिक जुलाना, योग आचार्य सुनील कुमार मौजूद रहे। लोधर के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को बांटे ब्लेजर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर में समाज सेवी ममता गिल ने जरूरमंद 70 विद्यार्थियों को सर्दी से बचने के लिए ब्लेजर बांटे। प्राचार्य बटुकेश्वर दत ने इस कार्य के लिए ममता गिल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। मंच संचालक मा. बलिंद्र गिल ने कहा कि ममता के पति शमशेर सिंह पंजाब पुलिस में कार्यरत है। वो भी निरंतर समाज सेवा के कार्य करते है। सोमवती अमावास्य, खेलों के आयोजन में वो पूरा सहयोग करते है। सामाजिक कार्यों में हर किसी को अग्रणी रहना चाहिए। मंदीप कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता रणवीर, मिडल हैड सुरेश, नसीबद्धीन, ईश्वर, मनरूप, दिलबाग, रामफल , भगवान शास्त्री, सुमित्रा,वजीर आदि मौजूद रहे।



उचाना। लोधर स्कूल में बांटे गए ब्लेचर। फोटो :हरिभूमि

### उपायुक्त ने अधिकारियों को बैठक में दिए आदेश

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सीएनजी, पीएनजी पाइपलाइन गैस से संबंधित विभागों एवं सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने सभी एचएसआईडीसी एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में सीएनजी, पीएनजी गैस पाइपलाइन दबाने को लेकर कोई परेशानी आ रही है तो उसे तुरंत दूर करें और इस कार्य को फाईनल टच दें। इस मौके पर सीएनजी, पीएनजी के सीनियर मैनेजर तेजपाल सिंह ने बताया कि जिला में सफीदों तक सीएनजी, पीएनजी पाइप लाइन बन कर तैयार हो गई है। इसके अलावा सफीदों से जींद तक पाइप लाइन संबंधित मैकेनिकल कार्य को पूरा किया जा चुका और जींद से नरवाना तक मैकेनिकल कार्य चल रहा है और पाइप लाइन को दबा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जींद व नरवाना में डीआरएस से जगह चिन्हित होते ही इस कार्य को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इस बैठक में जिला के औद्योगिक एसो से प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और औद्योगिक क्षेत्र में आ रही परेशानियों से अवगत करवाया।

# डॉ. पुष्पा तायल के समर्थन में महिलाएं

■ जुलाना से महिला विधायक विधानसभा में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिलाओं की पहली चाहत के रूप में सामने चेहरा आया है डा. पुष्पा तायल। महिलाएं चाहती हैं कि विधानसभा जुलाना से पहली बार एक महिला विधायक विधानसभा में पहुंच कर उनकी आवाज उठाए व उनकी समस्याओं को उठाकर उनका समाधान करवाए। आज तक के इतिहास में जुलाना से कोई भी महिला विधानसभा में नही पहुंची है। महिला को अगर भाजपा संगठन टिकट देता है तो महिलाओं का कहना है कि वो भाजपा के विधायक को विधानसभा में भेजने का काम करेंगी। महिलाओं ने पत्रकारों से बताया कि भाजपा महिलाओं के हितों को लेकर आगे बढ़ रही हैं, इसी का परिणाम है कि आज हरियाणा की पंचायतों में 50 % महिलाओं की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिल में महिलाओं के हितों को लेकर एक टीस है जिसे वो पूरा करने के लिए रात दिन लगे रहते हैं। अगर जुलाना से किसी महिला को भाजपा टिकट देती है तो हरियाणा में इसका बहुत अच्छा असर होगा और कार्यकर्ताओं की नजरों में पार्टी के प्रति विश्वसनीयता बढ़ेगी और पूरे प्रदेश में महिलाएं जोर शोर से भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। महिलाओं ने कहा कि पुष्पा तायल काफी वर्षों से भाजपा के झंडे को जुलाना में बुलंद किए हैं ।



जींद। महिलाओं के साथ बैठक करते डा. पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### जींद में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाए : शर्मा

जींद। मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन ने भगवान नगर स्थित धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया । संगठन के अध्यक्ष शिव नारायण शर्मा का धर्मशाला में पहुंचने पर स्वागत किया। शर्मा ने कार्यक्रम में जींद की अहम समस्याओं व मांगों को लेकर तीन जनवरी को उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजने की बात कही। संगठन के सभी कार्यकर्ता पुरानी अनाज मंडी में इकट्ठे होने के बाद उपायुक्त को ज्ञापन सौपेगें। कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य जिला जींद का विकास है। संगठन के मुख्य उद्देश्यों में पहला उद्देश्य जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाना है। जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। दूसरा उद्देश्य जिला जींद में रानी तालाब, पुराना बस स्टैंड, अर्जुन स्टेडियम को मिला कर पर्यटन स्थल बनवाना है, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा व सरकार को टैक्स मिलेगा। तीसरा उद्देश्य हांसी रोड स्थित बीड में उचित प्रकार से जू बनवाना है। जिससे लोगों को रोजगार मिले व जिला जींद एक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो। चौथा उद्देश्य शहर में सड़कों व गलियों का सेम लेवल रख कर पानी के निकासी की व्यवस्था की जाए। पांचवां उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के लिए एमएलए, एमपी के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण रखवाना है। इसमें जिला जींद के आम जनमानस की भागीदारी होगी।

# शहर में सीवरेज व्यवस्था ठप: महावीर

■ शहर की दुर्दशाा को लेकर व्यापारी जन आंदोलन करेंगे : कंप्यूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि जींद शहर हुआ गड्ढों में तबदील हो चुका है। शहर के हाल बद से बदतर हो गए हैं। शहर की दुर्दशाा को लेकर व्यापारी जन आंदोलन करेंगे। रानी तालाब से देवीलाल चौक तक, पुरानी अनाज मंडी, काठमंडी व रजवाहा रोड की सड़कें दो वषोंर् से अधूरी पड़ी हैं और शहर में सीवरेज व्यवस्था भी बिल्कुल ठप पड़ी है। महावीर कम्प्यूटर ने कहा कि व्यापारी इन गड्ढों की वजह से धूल की गुबार की वजह से परेशान हो चुके हैं और व्यापार में मंदी की मार झेल रहे हैं। पहले ही फाटक बंद होने के कारण कई दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर चले गए हैं क्योंकि यहां से आदमी प्रतिदिन पैदल भी नहीं आ सकता। गड्ढों में गिर कर लोग चोटिल हो रहे हैं। प्रशासन और चुने हुए प्रतिनिधि का इस तरफ कोई ध्यान नही है। वर्तमान विधायक कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। कार्य करने वाले ठेकेदार भी कार्य छोड़ कर भाग रहे हैं और उनकी तरफ प्रशासन की कोई लगाम नहीं है। शहर के लोग पहले से रेलवे फाटक बंद होने के कारण काफी तंग व परेशान थे, ऊपर से प्रशासन व चुने हुए प्रतिनिधि की नाकामी की वजह से पूरे शहर को नर्क बना कर रख दिया है।



जींद। व्यापारियों के साथ बैठक करते महाबीर कंप्यूटर। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते विद्यालय स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### प्रोजेक्ट्स और निर्माण से छात्रों ने किए विचार सांझा

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी ने छात्रों को सामाजिक और ऐतिहासिक मुद्दों के प्रति जागरूक करने का मंच प्रदान किया है। प्रदर्शनी ने छात्रों को एक-दूसरे के साथ विचार-विमर्श में भाग लेने का मौका दिया। जिससे उनकी बुद्धिमत्ता में सुधार हो सके। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में आयोजित प्रोजेक्ट्स और निर्माण ने छात्रों के विचार विस्तार से प्रस्तुत किए जो देखने वालों के लिए छाप छोड़ें। प्रतियोगिता हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में हुई। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर श्री रामभक्त शर्मा ने शिरकत की। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी ने छात्रों को सामाजिक जागरूकता और सामाजिक विज्ञान में रुचि बढ़ाने का एक सुनहरा मौका प्रदान किया है। प्रदर्शनी ने छात्रों को समृद्धि और सहयोग की महत्ता को सिखाया है। सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी ने छात्रों को विभिन्न सामाजिक परिवर्तनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हुए, उन्हें जीवन में अधिक समर्थ और उत्साही बनाया है।

---

## केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

# भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को उपमंडल के बडौद, अंटा, मुआना व सिंघाना सहित अनेक गांवों में पहुंची

हरिभूमि न्यूज. सफीदों

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को उपमंडल के बडौद, अंटा, मुआना व सिंघाना सहित अनेक गांवों में पहुंची। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि जिलाध्यक्ष राजकुमार मोर, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा सहित व भाजपा नेता जसमेर रजाना अनेक नेताओं ने शिरकत की। ग्रामीणों ने सभी नेताओं व यात्रा का जोरदार अभिनंदन किया। इस मौके पर अतिथियों ने ग्रामीणों को भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। वहीं एक वैन में विशेष रूप से लगाई गई एलईडी स्क्रीन के द्वारा लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया।



जींद। स्टालों पर योजनाओं के बारे जानकारी हासिल करते ग्रामीण।

### सर्टिफिकेट प्रदान किए

इस अवसर पर अतिथियों ने पीएम वंदन योजना, अटल पेंशन, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, स्वस्थ बालक स्पर्धा, बुढ़ापा पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभाथियो को योजनाओं के सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि इस यात्रा का मकसद लोगों तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। यह यात्रा पूरे देश में शहर से गांव दर गांव जा रही है और लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर एक नागरिक को सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने की गारंटी दी है। उसी के चलते योजनाओं के बारे में जागरूक करने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव में पहुंच रही है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते अशोक मित्तल। फोटो :हरिभूमि

### स्वतंत्रता सेनानी-आश्रितों से भेदभाव कर रही सरकार

जींद। स्वतंत्रता सेनानी परिवार संगठन के सदस्य अशोक कुमार ने कहा कि मौजूदा सरकार स्वतंत्रता सेनानी व उनके आश्रितों के साथ भेदभाव कर रही है। जिसमें दो प्रतिशत का आरक्षण है लेकिन वह केवल कागजों पर है, धरातल पर नहीं है। सरकार से बार-बार मिलने का समय मांगा जा रहा है लेकिन सरकार कोई सुनवाई नही कर रही है। जिससे स्वतंत्रता परिवारों में सरकार के प्रति भारी रोष है। स्वतंत्रता सेनानी परिवार संगठन के सदस्य अशोक कुमार मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी व उनके आश्रित परिवारों के सदस्यों की तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही और ना ही उनके परिवार को मिलने का कोई समय दे रही है। सरकार का आजादी का अमृत महोत्सव केवल दिखावा मात्र ही है। पिछली सरकारों ने स्वतंत्रता सेनानी एवं उनकी वीरांगनाओं की पैंशन 25 हजार की थी लेकिन लगभग 10 वषोंर् से मौजूदा सरकार सत्ता में आई है तब से स्वतंत्रता सेनानी व उनकी वीरांगनाओं की पैंशन 25 हजार रुपये ही है। जिसे बढाया नही गया है। जबकि मंत्री, विधायकों, हिंदी आंदोलन वाले जो स्वतंत्रता सेनानी घोषित किए हैं उनकी भी पेंशन में पांच हजार रुपये तक की वृद्धि कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### डिस्ट्रीब्यूटर को मजबूत करने की बातचीत

**कैथल।** डिस्ट्रीब्यूटर सहयोग दल की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल लखनपाल मे बड़े सौहार्दपूर्ण माहौल मे संपन्न हुई। इसमें डिस्ट्रीब्यूटर यूनियन को मजबूत करने, और अधिक एक्टिव करने व डिस्ट्रीब्यूटरों पर कम्पनियो द्वारा बनाये जाने वाले प्रेशर को समाप्त करने पर विचार विमर्श किया गया।

### सुरजेवाला ने दी नफे सिंह नैन को श्रद्धांजलि

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक सर्वखाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वजातिय बिनैन (नैन) खाप के प्रधान नफे सिंह नैन के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की। सुरजेवाला ने कहा कि आज हरियाणा की सबसे बड़ी पंचायती धरोहर चली गई। आज वो वटवृक्ष चला गया, जो सच्ची बात की प्रतिमूर्ति थे।

### पपराला व लड़ाहेड़ी में जन संवाद कार्यक्रम

**गुहला-चीका।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव पपराला व लड़ाहेड़ी में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ग्रामीणों के दरवाजे पर है। लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

### मानवता की सेवा करना भगवान की सच्ची पूजा

**कैथल।** कैथल साई मंदिर में चल रही श्री साई दिव्य अमृतमय कथा संकीर्तन धार्मिक कायक्रम में प्रति दिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्री साई दिव्य अमृतमय कथा संकीर्तन धार्मिक कार्येकर्म का श्री गणेश हैफेड के चेयरमैन कैलाश भक्त ने साई बाबा की पूजा अर्चना करके शुरू किया। कैलाश ने कहा कि साई बाबा ने अपन पूरा जीवन मानवता की सेवा में लगाया।

### पद की गरिमा रखूंगा बरकरार: सुखबीर

**गुहला-चीका।** जननायक जनता पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है नतीजतन लगातार एक के बाद एक प्रकोष्ठ की सूची आए दिन जारी की जा रही है। इसी कड़ी में बैकवर्ड सेल नवनियुक्त अध्यक्ष सुखबीर कश्यप आज बड़ी संख्या में अपने साथियों के साथ जजपा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अवतार सिंह से जजपा के चीका स्थित कार्यालय में भेंट की।

### डडवाना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**ढांड।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव डडवाना पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा में नोडल अधिकारी महेंद्र पाल ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।

## साहिबजादे जोरावर सिंह व साहिबजादे फतेह सिंह की याद में वीर बाल दिवस मनाया

# साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर सच के रास्ते पर चलना चाहिए

कीर्तन और साहिबजादों की कथा से बच्चों को वीरता, धर्म की रक्षा, मानवता की भलाई के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में वीर बाल दिवस साहिबजादे जोरावर सिंह व साहिबजादे फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया गया। स्कूल में सुखनी साहिब का पाठ करवाया गया। गुरुद्वारे के कीर्तनियो द्वारा कीर्तन और साहिबजादों की कथा से बच्चों को वीरता,धर्म की रक्षा,मानवता की भलाई के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल में लंगर अटूट चलता रहा। करनाल के सेशन जज चंद्रशेखर वशिष्ठ ने कहा कि दुनिया में ऐसा उधाहरण नहीं मिलता की जहां पर 7 और 9 वर्ष की उम्र में बच्चों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया हो। उन्होंने कहा की स्कूल के प्राचार्य हरपाल सिंह और स्टाफ द्वारा आज स्कूल में गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश करवाकर बच्चों को गुरुओ का आशीर्वाद दिलवाया है। सिग्नस अस्पताल के प्रबंधक विकास सिंदुरिया ने कहा कि हमें साहिबजादो के बलिदान से प्रेरणा लेकर सच के रास्ते पर चलना चाहिए। मानवता की रक्षा और सेवा के लिए हमेशा तत्पर होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने अपनी तरफ से स्कूली बच्चो को सम्मान के रूप में जर्सीया वितरित की। समाज सेवक साहब सिंह चक्कु ने अपने संबोधन में बच्चो को साहिबजादों के बलिदान बारे विस्तार से बताया। उन्होने बच्चों को वीर बाल दिवस बच्चो में प्रेरणा की भावना भरने का मार्ग बताता है। 120 बच्चों को जूते और जर्सी वितरित की। स्कूल के प्राचार्य हरपाल सिंह ने सिग्नस अस्पताल के प्रबंधक विकास सिंदुरिया, कुलदीप ठेकेदार, संदीप खरटा, अजय सहारण, जितेंद्र काला साहिब आदि का आभार जताया।



**सीवन।** खेड़ी गुलामअली स्कूल में बच्चों को जूते और जर्सी वितरित करते सिग्नस अस्पताल के प्रबंधक विकास सिंदुरिया।

### विद्यार्थियों ने किया साहिबजादो की कुर्बानी को याद



**राजौंद।** पुंडरी रोड पर स्थित श्री पाश्वनाथ स्कूल राजौंद में वीर बाल दिवस पर विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह जी ने साहिबजादो की कुर्बानी की याद में शहादत गीतों द्वारा याद किया गया। सभी बच्चों ने कुबार्नी के महत्व को अपनी.अपनी योग्यता अनुसार व्यक्त किया। भजन में सतनाम वाहेगुरु का जाप किया तथा 2 मिंट का मौन रखकर साहिब जादो को याद किया। स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रणवीर राविश ने बच्चों को बलिदान का देश व समाज के लिए महत्व बताया। दलजीत कौर ने माता गुजरी व बलिदान दिवस की कहानी सभी बच्चों को सुनाई। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य रविंद्र कौर, कविता, प्रमिला, पूजा चौहान, सुमन राविश, अनिल कुमार सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### खेड़ी गुलाम अली स्कूल में साहिबजादों को किया याद

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में वीर बाल दिवस साहिबजादे जोरावर सिंह व साहिबजादे फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया गया। स्कूल में सुखनी साहिब का पाठ करवाया गया।गुरुद्वारे के कीर्तनियो द्वारा कीर्तन और साहिबजादों की क्था से बच्चो को वीरता,धर्म की रक्षा,मानवता की भलाई के लिए प्रेरित किया गया।स्कूल में लंगर अटूट चलता रहा।

करनाल के माननीय सेशन जज चंद्रशेखर वशिष्ठ ने कहा कि दुनिया में ऐसा उधारण नहीं मिलता की जहा पर 7 और 9 वर्ष की उम्र में बच्चो ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया हो। उन्होंने कहा की स्कूल के प्राचार्य हरपाल सिंह और स्टाफ द्वारा आज स्कूल में गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश करवाके बच्चो को गुरूओ का आशीर्वाद दिलवाया है। उन्होंने कहा कि हमे साहिबजादो के बलिदान से प्रेरणा लें कर सच के रास्ते पर चलना चाहिए।मानवता की रक्षा और सेवा के लिए हमेशा तत्पर होकर कार्य करना चाहिए।

### शहीद उधम सिंह की 125वीं जयंती के अवसर किया विचार गोष्ठी



**कैथल।** जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल के तत्वाधान में शहीद उधम सिंह की 125 वीं जयंती के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में उधम सिंह के विचारों पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंच के संयोजक मास्टर जयप्रकाश शास्त्री ने की । अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड़ प्रेम चंद ने अपने सम्बोधन में कहा कि उधम सिंह गदर पार्टी व भगत सिंह के विचारों को मानते थे। साम्राज्यवादी शोषण,लुट,अत्यचार व गुलामी के खिलाफ थे। अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करने वाले भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश हूकूमत रोल्ट एक्ट लेकर आई थी। इस कानून के मुताबिक विरोधियों को जेल में ठूंसने तथा कोई दलील व अपील की गुन्जाईस नही थी। डॉ सत्यपाल गुप्त व सफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी की रिहाई को लेकर देश के लोगों ने 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में सभा का आयोजन रखा था। सभा में उपस्थित लोगों पर बगैर चेतावनी के ही जनरल डायर ने 1650 राउंड गोलियां चलाई थी जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे।

### ग्रामीणों ने चाय पकोड़े का लंगर लगाया



**पाईं।** मंगलवार को पाई में पूंडरी राजौंद रोड पर रिंगबांध के पास साहिबजादों की याद में ग्रामीणों ने चाय पकोड़े का लंगर लगाया गया। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को चाय व पकोड़े का लंगर दिया गया।इस लंगर सेवा में युवा भी सेवा करते हुए नजर आए। ग्रामीणों ने बताया की यहां हर साल शहीदों की याद में लंगर लगाया जाएगा।

### छोटे साहिबजादे की याद में निकाला नगर कीर्तन



**सीवन।** दसवें गुरु श्री गुरू गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में नगर में वार्षिक जोड़ मेला मंगलवार को आरंभ हुआ। बाबा फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह की याद में लगाए गए तीन दिवसीय शहीदी जोड़ मेले में सबसे पहले नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की अगुवाई गुरु के पंज प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन के दौरान युवाओं ने गतका कला का बहुत बढिया प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। आज ही श्री अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। तीन दिन तक यह कार्यक्त्रम चलेगा और तीन दिनों तक रागी व ढाडी जत्थे गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र की समूह साध संगत ने सेवा की।

### एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया



**राजौंद।** नगर के एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल डायरेक्टर अश्विनी शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान साहिब जादो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। बच्चों को इस दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान स्कूल में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से चार साहिब जादो के ऊपर बनी फिल्म भी दिखाई गई। स्कूल डायरेक्टर अश्विनी शर्मा ने साहिब जादो के जीवन से सीख लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया व बहादुर बनकर बुराइयों का डटकर सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा। इस दौरान स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## साहिबजादों की शहादत पर गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

सरपंच ऐसोसिएशन गुहला के पूर्व महासचिव व गांव कल्लरमाजरा के पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह ने कहा है कि साहबजादों की शहादत भुलाए नहीं भूलती और इसे आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी। पूर्व सरपंच शहीदों को नमन करने के उपरांत आज यहां अपने गांव में उन्होंने कहा कि बाल उम्र में शहीद हुए साहबजादों ने जिस प्रकार समाज के लिए अपनी कुबार्नी दी और अंत तक नहीं झुके तो वीरता का ऐसा सबूत सदियों में कभी कभार ही देखने व सुनने को मिलता है। उन्होंने कहा कि मुगलों के अत्याचार के दौरान गुरु साहब के दो बड़े बेटे शहीद हुए और उस समय जो लौ जली, उसी का प्रमाण है कि भारत देश आजाद हुआ।



- बाल उम्र में शहीद हुए साहबजादों ने कुबार्नी देकर अटूट छाप छोड़ गए

**गुहला चीका।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए अमरजीत सिंह।

अमरजीत सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहबजादों की शहादत को जब भी याद किया जाता है तो श्रद्धा से लोगों के सिर झुक जाते हैं। उन्होंने कहा कि साहबजादों ने धर्म के नाम पर अपना सिर कलम करवाना सही समझा परंतु अंतिम सांस तक झुके नहीं। उन्होंने कहा कि दिसंबर की 21 से 27 तारीख, ये वो सप्ताह होता है जिस पर पूरा सिख समुदाय और पूरा देश गर्व से भर जाता है क्योंकि वर्षों से पूरे सप्ताह को बलिदानी सप्ताह के तौर पर मनाने की परंपरा चली आ रही है। ये सप्ताह उन 4 साहिबजादों को समर्पित किया गया है जिन्होंने सिख धर्म की रक्षा के लिए खुद की जान तक कुर्बान कर दिया पर बर्बर मुगलों के सामने वे झुके नहीं और न ही उन्होंने अपना धर्म बदला। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि साहबजादों को याद करने का तभी फायदा है, जब सभी लोग उनके बताए मार्ग पर चलें और समाज व कौम के लिए अपनी अंतिम सांस तक डटकर खड़े रहें।

## सुरेश बने फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. कैथल के जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की एक बैठक होटल ग्रेस में सम्पन हुई। इसमें नए प्रधान के चुनाव की चर्चा की गई। हरपाल आर्य क्योड़क के अनुमोदन व काफी विचार विमर्श करने के बाद नरड़ांचल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एमडी सुरेश कुमार नैन को फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन कैथल का जिला प्रधान चुन लिया गया। इस खुशी में राज्य महासचिव डॉ. वरुण जैन, पूर्व चेयरमैन महिपाल कौशिक, ब्लॉक प्रधान कृष्ण शर्मा,ब्लॉक प्रधान विकास धीमान,जगजीत माजरा, लाभ सिंह लेलर, देसा नरड़, गुरुचरण सिंह, अजय कुमार, सुरेश नौच, मंगल सिंह,वेद प्रकाश ० कुलदीप कूलर ने फूल मालाएं डाल कर उनका स्वागत किया और अग्रिम शुभकामनाएं दी। नव निर्वाचित प्रधान सुरेश कुमार ने मिटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों का उस पर भरोसा जताया है।



**कैथल।** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के नवनियुक्त जिला प्रधान सुरेश कुमार नैन को बधाई देते पदाधिकारी

## खान-पान से हड्डी की बीमारियों से मिल सकता छुटकारा

- ठंड में बुजुर्गों का रखना होगा विशेष ख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ठंड शुरू हो गई है। ऐसे में बुजुर्गों की हड्डियों में परेशानी के केस सामने आ रहे हैं। यदि आपकी हड्डियां कमजोर हो गई हैं तो आपको चिकित्सक से परामर्श के साथ-साथ अपने खाने-पीने में बदलाव करने की जरूरत है। हो सकता है कि आप हेल्दी डाइट ले रहे हों लेकिन उसके बावजूद भी अगर अगर आपका शरीर कमजोर है, तो संभव है कि आपको वो सभी पोषक तत्व नहीं मिल पा रहे हैं, जी शरीर में जान भरते हैं। यह कहना है कि सिग्नस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के यूनिट हेड डा. सतिंद्र गर्ग का। उन्होंने बताया कि शरीर को मजबूत बनाने और बीमारियों से लड़ने के लिए शक्ति देने के लिए प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों की सभसे ज्यादा जरूरत होती है। अगर आपको अपने खाने से यह तत्व नहीं मिल रहे हैं, आपका शरीर धीरे-धीरे अंदर से खोखला बनता चला जाएगा। अगर आप अपने शरीर को ताकतवर बनाना चाहते हैं और अपनी हड्डियों में कैल्शियम भरकर लोहा सा मजबूत बनाना चाहते हैं, तो डॉक्टर नीताषा गुप्ता आपको एक अचूक उपाय बता रही हैं, जो न शरीर में आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन की कमी पूरी कर सकता है, बल्कि आपकी कमजोरी को हमेशा के लिए दूर कर सकता है। उन्होंने बताया कि यह नुस्खा कामकाजी महिलाओं और पुरुषों के अलावा बच्चों के लिए भी ताकत की दवा की तरह काम करता है। महिलाओं को थकान और खून की कमी की शिकायत होती है, जो इससे पूरी हो सकती है। जिन बच्चों की हाईट नहीं बढ़ रही और खेलते हुए थक जाते हैं, उन्हें इसका सेवन जरूर करना चाहिए।



डा. सतिंद्र गर्ग

**यूं करें तैयार**

इन सभी चीजों को देसी घी में अच्छी तरह भून लें।भुने हुए चनों को मिक्सी में अच्छी तरह पीसकर पाउडर बना लें। बाकी चीजों को भी अच्छी तरह पीस लें। इन सबको मिलाकर लड्डू बना लें। इन्हें आप एक महीने तक स्टोर कर सकते हैं।

**यूं करें सेवन**

आप रोजाना इस मिश्रण का एक लड्डू खा सकते हैं। बेहतर है कि सुबह दूध के साथ इसका सेवन किया जाए। बच्चों को आधा लड्डू दे सकते हैं क्योंकि यह ज्यादा गर्म होता है। इसके सेवन से आपको सिर्फ 15 दिनों में अपने शरीर में फर्क महसूस होने लगेगा।

## नरवल व नीमवाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम

# भारत से गरीबी मिटाना पीएम का सपना: कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ.सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा गांव नरवल व नीमवाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। इस मौके पर उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू की हैए जिससे नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से आमजन में केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रति विश्वास और अधिक बढ़ा है। बड़ी संख्या में लोग भारत को विकसित बनाने की शपथ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर ऊंचा उठा उठाने की गारंटी है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। इस मौके पर एडीसी सुशील कुमार, आरटीए गिरिश चावला, कपिल दीक्षित, कंचन लता, शालू, हरनाम, भीम सिंह, मनोज, गौरव, राजेश कुमार, अनिल मलिक, रामकिशन, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



**राजौंदा।** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव नरवल व नीमवाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में की शिरकत।



**कैथल।** डीइओ सुमित्रा देवी से मिलते हजरस के पदाधिकारी।

### डीइओ से मिला हजरस का प्रतिनिधिमंडल

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ (हजरस) कैथल का प्रतिनिधिमंडल सुमित्रा देवी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कैथल से कार्यालय में मिला और उन्हें कार्यग्रहण करने उपरांत पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल में दलबीर राठी राज्य उपप्रधान, चंद्र मोहन राज्य महासचिव, राजवीर भाई जिला प्रधान, रामपाल राठी खंड प्रधान कैथल, रघुवीर मैहरा खंड प्रधान सीवन, रामनिवास मुवाल खंड प्रधान राजौंद, लाल सिंह जिला सचिव, भीम सिंह जिला संगठन सचिव आदि शामिल रहे।

### नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा सरकारी स्कूल धनौरी तथा ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में स्कूल स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं व मौजिज को नशे के प्रति जागरूक किया गया।

**सूचना**

मैं, पूनम पुत्री श्री संजय निवासी घोघडिया तहसील उचाना जिला जींद बयान करती हूं कि हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं मार्कशीट में जन्म तिथि 27.07.2000 है जो कि गलत है। जबकि सही जन्म तिथि 27.07.2002 है दसवीं और बारहवीं के रिकार्ड में अपनी जन्म तिथि 27.07.2002 दर्ज करवाना चाहती हूं जो कि सही है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने चालीस वाहन चालकों के काटे चालान

**जींद।** जिला पुलिस जींद द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात को हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत लाइन चेंज के 40 वाहन चालकों के चालान काटे गए। यातायात थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि एसपी सुमित कुमार ने वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कारवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए थे।

### मारपीट में घायल महिला ने तोड़ा दम, मामला दर्ज

**जींद।** गांव अंटा में मारपीट में लगभग एक सप्ताह पहले घायल हुई महिला ने मंगलवार को कैथल के नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर मृतका के जेठ तथा जेठानी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौकीदार को बंधकर बना हजारों का सामान ले उड़े

**कैथल।** चीका रोड कैथल स्थित एक गेहूं के गोदाम में चौकीदार को बंधकर बनाकर नकाबपोश 5-6 आरोपी ट्रांसफार्मर से तांबा, मोटरें, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सेक्टर 20 निवासी राजेश कुमार ने पुलिस में शिकायत दी है।

### रणदीप ने दी नफे सिंह नैन को श्रद्धांजलि

**जींद।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सर्वखाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वजातिय बिनैन (नैन) खाप के प्रधान चौधरी नफे सिंह नैन के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की। सुरजेवाला ने कहा कि आज हरियाणा की सबसे बड़ी पंचायती धरोहर चली गई। आज वो वट वृक्ष चला गया, जो सच्ची बात की प्रतिमूर्ति थे। वो सामाजिक सद्भाव की जीवंत मिसाल थे।

### पीड़ितों को जल्द दी जाए सहायता राशि : डीसी

**जींद।** अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार या दुर्व्यवहार होता है तो पीड़ित परिवार को तुरंत प्रभाव से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने यह निर्देश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की मंगलवार को लघु सचिवाल स्थित सभागार में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उपायुक्त द्वारा जिला कल्याण विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में आर्थिक सहायता के जो मामले रखे गए थे, उन पर विचार विमर्श किया गया।

---

### हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर एक दिन की हड़ताल

# आज सरकारी अस्पताल का रुख करें जरा संभल कर, हो सकती है परेशानी

चिकित्सक रहेंगे हड़ताल पर, केवल इमरजेंसी, पोस्टमार्टम सेवाएं रहेंगी बहाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

बुधवार को यदि आप उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं तो जरा संभल कर। क्योंकि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर जिलाभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक बुधवार को हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि इमरजेंसी और पोस्टमार्टम की सुविधाएं सुचारू रहेंगी लेकिन जनरल ओपीडी पूरी तरह से बंद रहेगी। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बुधवार को हड़ताल को लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन सदस्यों ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में बैठक की। एसोसिएशन के प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि मांगों के पूरा न होने के रोष स्वरूप पहले गत 19 दिसंबर को सभी चिकित्सकों ने अपनी ड्यूटी दौरान काली पट्टी बांध कर काम किया। इसके बाद 20 दिसंबर को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को लेकर कोई सुनवाई नही की है। जिसके चलते 27 दिसंबर बुधवार को नागरिक अस्पताल की ओपीडी में सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहेंगी। अगर सरकार फिर भी उनकी मांग को अनसुना करती है तो 29 दिसंबर को ओपीडी व इमरजेंसी में अपनी सेवाओं को पूर्ण बंद कर दिया जाएगा।

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि विशेषज्ञों की कमी के कारण चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होती हैं, जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक करोड़ की वर्तमान बांड राशि और उससे जुड़ी शर्तें डॉक्टरों पर वित्तीय बोझ पैदा करती हैं।मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से विकलांग डॉक्टरों के लिए पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बिना किसी बंधक आवश्यकता के बांड राशि को घटा कर 50 लाख किया जाए। क्योंकि इस परिस्थिति का समाधान करने में विफलता के परिणामस्वरूप सरकारी सेवा से युवा डॉक्टरों का मनोबल गिर सकता है और संभावित सरकारी जॉब को छोड़ने का रुझान बढ़ सकता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती बंद की जाए और होम्स कैडर के लिए सेवा नियमों में संशोधन किया जाए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) के लिए सीधी भर्ती बंद होने के बावजूद सेवा नियमों में संशोधन नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार और बिहार, दिल्ली आदि रा'यों के साथ तालमेल बिठाते हुए एक गतिशील एसीपी संरचना लागू करे। डा. संदीप लोहान ने बताया कि एसोसिएशन आईएचआईपी मानदंडों के अनुसार प्रवेश वेतन एसीपी के साथ सेवारत विशेषज्ञ डॉक्टरों की वरिष्ठता को 2, 6 और 13 साल तक बनाए रखने का प्रस्ताव करता है।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी को लेकर पर्ची के लिए लाइन में लगे लोग।



**जींद।** बैठक कर हडताल के लिए रणनीति बनाते हुए चिकित्सक।

#### अस्पताल में प्रतिदिन होती है 1500 तक ओपीडी

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां प्रतिदिन 1500 तक की ओपीडी होती है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर 1800 तक पहुंच जाती है। जींद के अस्पतालों में आसपास के गांवों से लोग तो उपचार के लिए आते ही हैं साथ ही शहर में रह रहे लोग भी उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में बुधवार को चिकित्सकों की हडताल के चलते आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

#### हड़ताल के चलते आमजन भी स्वास्थ्य विभाग का करे सहयोग : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि चिकित्सक बुधवार को हडताल पर रहेंगे। ऐसे में आमजन को उपचार को लेकर परेशानी न आए, इसके लिए एनएचएम चिकित्सकों की डयूटी लगाई गई है। आमजन भी चिकित्सकों की हडताल को लेकर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करे।

---

## इंडस स्कूल में महिला योग शक्ति दिवस मनाया गया

- कार्यक्रम में 60 साधिकाओं ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई
- कार्यक्रम का समापन प्रार्थना व शांति पाठ से किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

इंडस स्कूल के प्रांगण में भारती जिला जींद ने हर्षोल्लस के साथ्ञ महिला योग शक्ति दिवस मनाया। जिसके मुख्य अतिथि प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान हरदीप सांगवान, प्रांतीय प्रवक्ता धर्मवीर दलाल मौजूद रहे। लगभग 60 साधिकाओं ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। विभिन्न भजन, नृत्य, कविताओं का प्रदर्शन किया गया।
भारती जिला के हर एक केंद्र से महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना व शांति पाठ से किया गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।



**जींद।** मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में योग करते हुए साधक।

## दलवीर चेयरमैन और जितेंद्र चुने गए प्रधान

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सफीदों का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सफीदों का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस चुनाव में चेयरमैन दलवीर प्रजापत, प्रधान जितेंद्र भारद्वाज, वरिष्ठ प्रधान अनिल हुड्डा, उपप्रधान सुरेंद्र मालसरी खेड़ा, सचिव बंसी लाल, संगठनकर्ता सुखविंद्र सिंह, व कौषाध्यक्ष संजीव सैनी को बनाया गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाकर उनका फूलों की मालाओं से अभिनंदन किया।
अपने संबोधन में प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा ने कहा है कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा व लग्न के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा समाज व कर्मचारियों के हित के कार्य करें। वहीं नवनिर्वाचित प्रधान जितेंद्र भारद्वाज ने कहा है कि कर्मचारियों ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसे वे पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से नरेंद्र धीमान, पवन रजाना, राजबीर अत्री, देवराज शर्मा, कश्मीरी लाल व अजमेर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

---

## वोटर लिस्ट में नाम आना बड़ी साजिश

- हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत ने एचएसजीएमसी वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने को बताया साजिश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने एचएसजीएमसी की वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने को उनके खिलाफ साजिश बताया है। वे मंगलवार को इस मुद्दे पर कोयल परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहब में बुजुर्गों के समय से उनके परिवार की पूरी आस्था है, लेकिन एचएसजीएमसी का चुनाव सिखों का धार्मिक मामला है और वह जानते हैं कि पूर्ण सिख ही वोट बनवाकर मतदाता बन सकता है। गुरु ग्रंथ साहब में आस्था होना अलग बात है और वोट बनवाना एक अलग बात है। वह वोटर लिस्ट में उनका नाम आने की जांच करने के लिए जिला प्रशासन को शिकायत करेंगे।



**कैथल।** हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत पत्रकारों से बातचीत करते हुए

कैलाश भगत ने कहा कि एचएसजीएमसी की वोटर लिस्ट में उनका नाम लिखा जाना किसी की शर्त भी हो सकती है। वह सिख समाज को मानते हैं और उनका पूरा आदर करते हैं। गुरुद्वारों की वोटर लिस्ट में सदस्य बनने के लिए नियम और कायदे तय किए गए हैं। जो उन्हें मालूम है। ऐसा गलत काम वह कभी नहीं कर सकते। ऐसी गंदी राजनीति के बारे में वह कभी सोच भी नहीं सकते। वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाना किसी की भी उनके खिलाफ साजिश हो सकती है। उनका हर समाज के साथ भाईचारा है और हर समाज को वह पूरी इज्जत देते हैं। अगर किसी व्यक्ति या कर्मचारियों ने जानबूझकर उनका नाम एचएसजीएमसी की वोटर लिस्ट में शामिल किया है तो उसने यह गलत काम किया है। जिसकी उसकी सजा मिलनी चाहिए। वह व्यक्तिगत रूप से उपायुक्त से मिलकर अपना विरोध दर्ज करेंगे और इस पूरे मामले की जांच करवाएंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मौजूदा और पूर्व सदस्यों ने इस बारे में उनसे बात भी की है। जिसे उन्होंने साफ तौर पर बता दिया है कि कैलाश भगत ऐसा गलत काम कभी नहीं कर सकता। इस मामले की तह तक जाना जरूरी है। इस मौके पर उनके साथ नई अनाज मंडी के प्रधान रामकुमार, एडिशनल अनाज मंडी के प्रधान सोहनलाल, राजकुमार मखीजा, सुभाष नारंग, रमेश खुराना व रामकृष्ण डिघानी मौजूद थे।

## नगर पालिका कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी कैथल ने लोकल बोडी द्वारा जारी किये गए परिपत्रो को लागू करने व 5 नवम्बर को जिला पालिका आयुक्त के साथ हुई मीटिंग मे मानी गई मांगो को लेकर जिला पालिका आयुक्त कार्यालय के गेट पर गेट मीटिंग करके धरना-प्रदर्शन किया और पालिका आयुक्त को ज्ञापन दिया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने की व संचालन जिला सचिव गोरव टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन मे सैकंडो की सख्या में सफाई, फायर व दफ्तर के कर्मचारियो ने भाग लिया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण,जिला सचिव रामपाल शर्मा, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टॉक ने कहा की संगठन द्वारा 19 से 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से 3-4 लैटर जारी किये थे, जिनको लागू करने की मांग को लेकर जिला कमेटी ने पहले 21 फरवरी और उसके बाद 11 अप्रैल को ज्ञापन दिया था। उसके बाद 7 जून ओर गत 5 नवम्बर को संगठन की डीएमसी से बातचीत हुई। बार-बार की वादाखिलाफी के कारण जिले के सभी ब्लॉकों के सफाई कर्मचारियो मे रोष है।



**कैथल।** पिलका आयुक्त को ज्ञापन सौपते नपा कर्मचारी

---

## भवन निर्माण कामगारों का डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन

- श्रम कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार फैलने का लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

निर्माण मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी जींद के आह्वान पर मंगलवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जींद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले निर्माण मजदूर जींद के नेहरू पार्क में इकट्ठे हुए और जनसभा को संबोधित किया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कश्मीर सेलवाल और संचालन जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। इस दौरान सीटू नेता रमेशचंद्र, ने कहा कि श्रम कल्याण बोर्ड में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। निर्माण मजदूरों ने तीन-तीन, चार-चार साल से अपनी बेटियों की शादी सहायता, कन्यादान सहायता, मातृत्व-पितृत्व सहायता, मजदूर की मृत्यु के बाद परिवार को मिलने वाली मृत्यु सहायता, बच्चों की छात्रवृत्ति सहायता इत्यादि के आवेदनों पर आपत्तियां लगाकर रद्द किया गया है। जींद के श्रम कार्यालय में तो कोई नहीं है जो समस्याओं का निदान कर सके। सुविधाओं पर फैमिली आईडी की बेमानी शर्त लगा कर सुविधाओं व पंजीकरण प्रणाली को और जटिल बना दिया है।

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन ने एमएलए को सौंपा ज्ञापन

**नरवाना।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने विधायक को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश सरकार से पॉलीटेक्निक कॉलेज में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को 58 साल की जॉब सिक्योरिटी देने और पॉलिसी बनाकर उन्हें रेगुलर करने की मांग की है। विधायक कृष्ण मिड्ढा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को लेकर सीएम से बातचीत करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। विधायक से मिलने पहुंचे गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वे वर्ष 2010 से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लैक्चरर व इन्स्ट्रक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पहले वे 250-125 रुपये से लेकर 457-229 रुपये प्रति घंटे की मामूली दरों पर अपनी सेवाएं प्रदान करते रहे।



उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने सितम्बर 2019 में गेस्ट लैक्चरर के लिए 53100 रुपये प्रति माह व इंस्ट्रक्टर के लिए 35400 रुपये प्रतिमाह फिक्स वेतन देने का निर्णय लिया था। उनकी मांग है कि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में कार्यरत सभी गेस्ट लैक्चरर व गेस्ट इन्स्ट्रक्टर की सेवाओं को विशेष पॉलिसी बनाकर रेगुलर किया जाए और उन्हें रेगुलर कर्मचारी की तरह पूरा वेतन, टीए, डीए, सर्विस बुक, एलटीसी, एचआरए सहित सभी

## पिछड़े वर्ग की मांगों को पूरा करे सरकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

पिछड़े वर्गों की मांगों, हकों एवं हितों को लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कुम्हार धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में महासभा के राज्य मुख्य संरक्षक शांता कुमार आर्य एवं प्रांतीय प्रधान प्रो. आरसी लिंबा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सोनी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा जिला जींद के प्रभारी सूरतसिंह सैन ने की। इस बैठक के माध्यम से देश व प्रदेश में विधायिका एवं न्यायपालिका में पिछड़े वगार्ें के अधिकारों, हितों एवं मांगों को लेकर आवाज उठाई गई। रा'य प्रधान प्रो. आरसी लिंबा ने कहा कि पिछड़े वगोंर् की मुख्य मांगों में प्रदेश में क्रीमीलेयर निर्धारण की आय सीमा 10 लाख रुपये (वेतन व कृषि आय छोड़ कर) करने, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में बीसी ए व बी को दिए अधूरे आरक्षण क्रमशः 10 व पांच यानि 15 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत पूरा करना तथा प्रमोशन में बीसी के कर्मियों को एससी, एसटी की तर्ज पर आरक्षण देना, राजनीतिक हिस्सेदारी व आरक्षण सुनिश्चित करना, हरियाणा में जातीय जनगणना कराना व अन्य मांगें शामिल हैं।

---

### सफीदों में नवनियुक्त जिला ड्रग नियंत्रक अधिकारी ने ली दवा विक्रेताओं की बैठक, दिए निर्देश

सफीदों। नवनियुक्त जिला ड्रग नियंत्रक अधिकारी जींद गीता गोयल ने मंगलवार को नगर के नहर पुल पर स्थित जेसीज भवन में सफीदों के दवा विक्रेताओं की बैठक ली। जिला ड्रग अधिकारी गीता गोयल का संगठन के प्रधान महेंद्र गोयल व सचिव कप्तान मलिक ने फूलों का बुका देकर अभिनंदन किया। अपने संबोधन में जिला ड्रग नियंत्रक अधिकारी गीता गोयल ने कहा की सभी दुकानदार एच वन व नारकोटिक्स ड्रग एक्ट के अनुसार बिक्री करें। लाइसेंस का नवीनीकरण समय में करवाएं। दुकान की सफाई का विशेष ख्याल रखें, स्टोर का फ्रीज हमेशा चालू रखें और दवाईयों को धूल-मिट्टी से बचाने के लिए दुकानों के बाहर शीशा जरूर लगवाएं। प्रधान महेंद्र गोयल ने जिला ड्रग नियंत्रक अधिकारी को आश्वस्त किया कि वे नियमों की पालना करते हुए ही दवाईयों की बिक्री करेंगे और विभाग के हर मानक पर खरा उतरेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### मजबूत होगी विद्यार्थियों की नींव : कृष्ण कुमार

**गुहला-चीका।** शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद सुपर 100 कार्यक्रम राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका में अयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल अशोक कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी.एम. कृष्ण कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस.डी.एम. कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार के मिशन बुनियाद और सुपर-100 कार्यक्रम से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव मजबूत होगी। विद्यार्थियों को अपना भविष्य बनाने के लिए इन दोनों कार्यक्रमों की जानकारी मिले, इसके लिए प्रदेश भर में ब्लॉक स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### कैथल के डेढ़ लाख घरों में पीला चावल देकर देंगे निमंत्रण

# कैथल में अयोध्या से पहुंचा अक्षत कलश

- मंगलवार को अंबाला रोड के संघ कार्यालय में कैथल कुरुक्षेत्र प्रभारी श्याम बंसल ने बताई कार्यक्रम की रूपरेखा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचने घर-घर जाकर सवा लाख परिवारों को पीले चावल देकर अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण दिया जाएगा। अयोध्या से आया अक्षत कलश कैथल के संघ कार्यालय में पहुंच गया है। जहां से पूजित अक्षत बांटने के लिए प्रभारी को वितरित किए जाएंगे। एक से 15 जनवरी तक प्रभारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे शहर व देहात के सभी मोहल्लों में जाकर स्थानीय लोगों को पूजित अक्षत देकर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दें। मंगलवार को आरएसएस के डॉक्टर सूद अस्पताल के पीछे कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कैथल जिला के प्रभारी श्याम बंसल ने कहा कि पूजित अक्षत वितरित करने होता देने के लिए पूरे जिला को 11 जोन में बांटा गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हर कोई अप्रत्यक्ष रूप से भी कार्यक्रम में शामिल हो सकता है। इस भव्य कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से वह टीवी पर भी प्रसारित किया जाएगा। अयोध्या से आया कलश व अन्य सामान महंत त्रिवेणी दास जी की देखरेख में है।



**कैथल।** आरएसएस के जिला प्रभारी श्याम बंसल पत्रकारों से बातचीत करते हुए

#### राम जन्मभूमि आयोजन विश्व का सबसे बड़ा आयोजन

वह इस पूरे अभियान की देखरेख कर रहे हैं। जो कलश के रूप में जो सामान अयोध्या से आए हैं। उन पर एक तरफ स्वास्तिक बना है। उसमें चावल हैं। उसे लोग अपने घरों में खजाने के रूप में रखेंगे। 22 जनवरी का यह राम जन्मभूमि आयोजन विश्व का सबसे बड़ा आयोजन होगा। उस दिन घर के सामने पांच दीपक जलाएं और 11 बजे से 1 तक सभी मंदिरों में रहेंगे। उन्होंने कहा कि कैथल से पूरे हरियाणा की ओर से विशाल भंडारा अयोध्या जाएगा। अयोध्या में बने नए बस स्टैंड में कैथल का भंडारा लगेगा। जहां प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोग प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। राम जन्मभूमि में लगने वाले भंडारे का कार्यालय पार्क रोड शहीदी स्मारक के साथ हनुमान मंदिर में बनाया गया है। इस मौके पर गोपाल भट्ट, सुरेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।